






## एक नजर में

### सघन जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूक किया




**कसरावद, निप्र।** शासकीय महाविद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद एवं खेल कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम बड़गांव में सघन जागरूकता अभियान के तहत ग्राम वासियों को एचआईवी से बचने के उपाय एवं एचआईवी के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया। स्वास्थ्य विभाग से एचआईवी प्रभारी हिमांशु राठौर, खेल कल्याण विभाग से पंकज बड़े शासकीय महाविद्यालय कसरावद से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस आर सोलंकी एवं एनएसएस स्वयंसेवकों ने जागरूक किया।

### शरद पूर्णिमा पर बरसा हास्य रस




**बिस्टान, निप्र।** ग्राम जामली के श्री पंचमुखी बालाजी हनुमान मंदिर सेवा समिति जामलीधाम द्वारा शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित हास्य कवि सम्मेलन मंगलवार की शाम को हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन, जिसमें कवियों ने खूब हास्य रस बरसाया। कवि सम्मेलन की शुरुआत ब्यावरा की कवियित्री ऋचा गौड़ ने सरस्वती वंदना से की। वाह भाई वाह फेम हास्य कवि अतुल तंबोली सनावद ने अपनी हास्य पैरोडियों से वातावरण को आनंदित किया। हास्य कवि वाह भाई वाह फेम जीतेन्द्र यादव बरसलाय ने अपनी त्वरित टिप्पणियों से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। ओज कवि वीरेंद्र दंसौधी वीर खरगोन ने ऑपरेशन सिंदूर पर शौर्यगान कर वातावरण को ओज रस से सराबोर कर दिया। गीतकार विजय शर्मा खलघाट ने अपने गीतों में पति-पत्नी और वर्तमान बदलाव पर बात की और खूब दाद बटोरी। स्थानीय कवि शायर दिनेश जगताप ने ग़ज़लों से शमां बांधा। मंच संचालक राम परिंदा अछोदा ने अपने हास्य-व्यंग्य भरे संचालन से पूरे समय श्रोताओं को बैठाए रखा और अंत में नर्मदा जी पर गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजक समिति सहित देर रात तक चले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

### लायंस क्लब सनावद सृजन ने जरूरतमंद बच्चों के लिए किया कपड़ों का वितरण



**सनावद, निप्र।** लायंस क्लब सनावद सृजन ने सेवा सप्ताह के छठे दिन शनि मंदिर के पीछे गिट्टी खदान क्षेत्र में एक सराहनीय पहल की। इस अवसर पर 60 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को नए बॉक्स पैकिंग वाले कपड़े वितरित किए गए। बच्चों के चेहरों पर कपड़े पाकर अपार खुशी देखी गई, जिसने कार्यक्रम की सार्थकता को और बढ़ा दिया। इस कार्यक्रम के संयोजक नगर सनावद के प्रमुख गारमेंट व्यवसायी घनश्याम राठौर (दीपिका गारमेंट्स), महेश राठी (राठी रेडीमेड), और महेंद्र मुछाला (महेंद्रा गारमेंट्स) रहे। क्लब के अध्यक्ष उर्मिला जैन, सचिव गुरदीप भाटिया, कोषाध्यक्ष सुधीर जैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य, लायन संजय आर्य, लायन सूरज बिर्ला, लायन सचिन कटारिया, लायन जितेंद्र पटेल, लायन हेमेंद्र सज्जन, और लायन शुभम सकरोदिया ने इस नेक कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया। लायंस क्लब सनावद सृजन का यह प्रयास जरूरतमंद लोगों की सेवा के उद्देश्य को समर्पित है। क्लब अध्यक्ष उर्मिला जैन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज के कमजोर वर्ग को सहायता प्रदान कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। यह कार्यक्रम सामाजिक एकजुटता और सेवा भावना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### सतत अभ्यास व मेहनत से होती है लक्ष्य प्राप्ति : विधायक पाटीदार



**खरगोन, निप्र।** जीवन के प्रत्येक पडाव पर कठिनाईयां आती है। कठिनाईयों से घबराएं नहीं, अपने लक्ष्य की ओर ध्यान द्रें खेल भी हमें यही सबक सीखाते हैं। सफलता के लिए सतत अभ्यास व मेहनत जरूरी है। लक्ष्य की प्राप्ति भी मेहनत और सतत् अभ्यास से ही संभव है। यह बात स्टेडियम मैदान पर आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय अंडर 14 शालेय हॉकी चयन प्रतियोगिता में खरगोन विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने खिलाडियों को प्रोत्साहित करते हुए कही। उन्होंने विद्यार्थियों को पढाई पर भी ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र कुमार कानुडे ने बताया कि अंडर 14 संभाग स्तरीय शालेय हॉकी चयन स्पर्धा में खरगोन, इंदौर, अलीराजपुर, धार, बडवानी जिले के 200 से अधिक बालक बालिकाओं ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। स्पर्धा संयोजक संस्था बाल शिक्षा निकेतन प्रमुख व निमाड महिला हॉकी एकेडमी अध्यक्ष मनजीतसिंह चावला ने बताया कि संभाग स्तरीय शालेय हॉकी चयन स्पर्धा से जिले की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सकेगा। शिक्षा विभाग क्रीडा निरीक्षक हबीबबेग मिर्जा ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष छाया जोशी, वरिष्ठ समाजसेवी संतोष पाटीदार, संयोजक प्राचार्य प्रवीण मैना, सह संयोजक अनिल पांड्‍य, माशि सचिन मोरे आदि मौजूद रहे। कोच इकबाल खान ने बताया कि बालिका वर्ग का फाइनल मैच इंदौर व बड़वानी के बीच हुआ। जिसमें इंदौर 3 .0 से विजयी रहा। वहीं बालक वर्ग का फाइनल मैच खरगोन व इंदौर के बीच रहा जिसमें इंदौर 5 .0 से विजयी रहा।

# ''वोट चोर - गद्दी छोड़'' अभियान के तहत कसरावद में हुआ हस्ताक्षर अभियान

## पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक सचिन यादव की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा




नवभारत न्यूज़

**कसरावद, निप्र।** देशभर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा संचालित ''वोट चोर - गद्दी छोड़'' महाअभियान के तहत बुधवार को कसरावद नगर में भव्य हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस दौरान नगर एवं आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता, युवा एवं वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में हस्ताक्षर कर अपने समर्थन का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान श्री यादव ने कहा कि यह अभियान देश के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी द्वारा बिहार से प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य जनता के मताधिकार का सम्मान सुनिश्चित करना और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनजागरण फैलाना है। पूरे देश में कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं कि सत्ता का दुरुपयोग और जनादेश की चोरी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री यादव ने आगे बताया कि इस राष्ट्रव्यापी जनजागरण के तहत मध्य प्रदेश में भी प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर पर रैलियाँ, सभाएँ और हस्ताक्षर अभियान लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में कसरावद विधानसभा में आज इस अभियान की शुरुआत की गई है, जो आने वाले दिनों में विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र, ग्राम एवं नगर तक पहुँचाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर ''वोट चोर - गद्दी छोड़'' के नारे लगाए और लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई एवं सेवा दल के कार्यकर्ता सहित अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# भाई की हत्या की सुपारी देने वाला डॉक्टर दीपक शर्मा गिरफ्तार



**बड़वाह, निप्र।** डॉक्टर दीपक शर्मा ने अपने बड़े भाई और मेडिकल संचालक संदीप शर्मा (36) की हत्या की सुपारी दी थी। सुपारी किलर तनिष को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। असली मास्टरमाइंड, संदीप का छोटा भाई, डॉ. दीपक शर्मा (31), जो इंदौर के ग्रेसी पार्क तेजाजी नगर का निवासी है, ने सोमवार शाम करीब 4-5 बजे बलवाड़ा थाने में आत्मसमर्पण कर दिया।

### अपराध और कारण

- थाना टीआई अनिल बामनिया ने बताया कि पूछताछ में दीपक शर्मा ने कबूल किया कि उसने यह कदम पैतृक जमीन विवाद के शक में उठाया।
- उसे शक था कि उसका भाई संदीप, माँ से जमीन अपने नाम न करा ले। इसी बदले की भावना से उसने यह साजिश रची।
- दीपक ने इलाज के लिए आए बड़ेल निवासी तनिष से संपर्क किया और बाद में आईटी पार्क में मुलाकात कर रु.10 लाख में हत्या का सौदा तय किया, जिसमें रु.25,000 एडवांस दिए गए।
- वारदात के लिए थार गाड़ी मुरैना के दतेरा गांव के विकास पिता विश्वनाथ से किराए पर ली गई थी।

### पुलिस कार्रवाई

- पुलिस की लगातार दबिश के कारण दीपक शर्मा छिपता रहा और आखिरकार उसने थाने पर आत्मसमर्पण कर दिया।
- उसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा और रिमांड की मांग की जाएगी।
- इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अजय झा, नरेंद्र कुशवाहा, कपिल मीणा, सूर्या रघुवंशी, पूनम पांडे, सुनील एयवाल, राहुल वर्मा, संदीप जाट, और पूजा शर्मा का सराहनीय योगदान रहा।

# इंदौर-इच्छापुर-सनावद हाईवे पर भीषण हादसा : एक की मौत, छह घायल




**सनावद, निप्र।** इंदौर-इच्छापुर-सनावद हाईवे पर मंगलवार रात करीब 8 बजे मोरटक्का पुलिस चौकी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बड़वाह निवासी 25 वर्षीय गोविंद गेंदालाल यादव की मौत हो गई। इस हादसे में बाइक और तीन पहिया रिक्शा की टक्कर में छह अन्य लोग, जिनमें एक बच्ची भी शामिल है, गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार के कारण बाइक और रिक्शा की आमने-सामने की भिड़ंत हुई। सीसीटीवी फुटेज में वाहनों की तेज गति स्पष्ट दिखाई दी। हादसे के बाद घायलों को तुरंत बड़वाह सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां गोविंद की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें इंदौर रेफर किया गया। इंदौर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अन्य घायलों में चार की हालत नाजुक बनी हुई है, और उनका इलाज अस्पतालों में जारी है। मोरटक्का और आसपास के निवासियों ने बताया कि हाईवे पर भारी वाहनों के बढ़ते आवागमन ने जाम और दुर्घटनाओं को बढ़ा दिया है। दो साल से अधूरी सड़क और निर्माण कार्यों के कारण स्थिति और बिगड़ गई है। पहले इस हाईवे पर हादसे न के बराबर थे, लेकिन अब यह %डेथ-स्पॉट% बनता जा रहा है। मोरटक्का पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। लोग हाईवे पर स्पीड ब्रेकर, बेहतर लाइटिंग और भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग की मांग कर रहे हैं। प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपील की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में पैरामाउंट के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**कसरावद, निप्र।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट एकेडमी कसरावद के कक्षा 10 के छात्र अर्पण अखिलेश पाटीदार और सौम्य सुभाष शर्मा ने दिनांक 4 अक्टूबर ,2025 ने देहरादून में धरती फाउंडेशन द्वारा आयोजित YOUTH FOR NATURE AND COEXISTENCES कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रभारी शिक्षक अमर सिंह ने बतलाया कि यह कार्यक्रम धरती फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास और मानवता के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में देश के 42 से अधिक कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया था जिसमें छात्र अर्पण और सौम्य ने सब थीम बाघ संरक्षण और जलवायु परिवर्तन विषय पर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से न केवल दर्शकों को जागरूक किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता भी प्रदर्शित की। दोनों छात्रों ने धरती के बढ़ते तापमान, जैव विविधता का संकट और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर विषयों को सरल एवं प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ अखिलेश पाटीदार ने कहा कि हमारे छात्रों का यह प्रदर्शन न केवल विद्यालय के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित भी करता है इस उपलब्धि के माध्यम से अर्पण और सौम्य ने यह सिद्ध कर दिया कि आज की युवा पीढ़ी न केवल जागरूक है, बल्कि समाज को सकारात्मक दिशा देने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।




# राज्य पोषित योजनातंर्गत तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण हेतु कृषक दल रवाना

**खरगोन।** उपसंचालक उद्यान कार्यालय, जिला खरगोन से 08 अक्टूबर 2025 को राज्य पोषित योजना अंतर्गत राज्य के भीतर तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण के लिए 30 कृषकों का दल रवाना हुआ। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री एवं विधायक श्री बालकृष्ण पाटीदार एवं विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष पाटीदार ने हरी झण्डी दिखाकर कृषकों के दल को रवाना किया। यह दल जिला हरदा, खण्डवा एवं बुरहानपुर के कृषि अनुसंधान केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्रों एवं प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्रों का दौरा करेगा।

भ्रमण के दौरान किसानों का दल हरदा जिले में रबी मौसम कि मिर्च की खेती एवं ऑटोमेशन युनिट, खण्डवा जिलें में प्याज और अरबी की उन्नत खेती, बुरहानपुर जिले में केला और हल्दी की उन्नत खेती, केला फाईबर से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार करने की युनिट का भ्रमण तथा उन्नत तकनीकी के गुर सीखेंगे।

# मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने स्थापना दिवस मनाया

**बिस्टान, निप्र।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का स्थापना दिवस पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारियों, सदस्यों और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ भारत माता , दत्तोपंत ठेंगड़ी जी एवं भगवान विश्व कर्मा जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं संगठन गीत के सामूहिक गायन से हुआ। इसके उपरांत संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विजयराय सुनहरे ने स्थापना दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों की एकता, अधिकारों की रक्षा तथा कल्याण के लिए संघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य श्रीमती भारती मालवीया दीदी ने अपने संबोधन में कर्मचारियों की भूमिका को राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया तथा संघ की सक्रियता की सराहना की। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु शासन स्तर पर सार्थक संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ एवं नए सदस्यों का सम्मान भी किया गया और कर्मचारियों के कल्याण हेतु नई कार्य योजना बनाई गई। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ सभी कर्मचारियों से आह्वान करता है कि वे एकजुट रहकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और अपने कर्तव्यों का निष्ठा से निर्वहन करते हुए प्रदेश एवं राष्ट्र के विकास में योगदान दें।



**एक नजर में** जिला प्रशासन की किसानों से भावांतर योजना के तहत पंजीयन कराने की अपील

# संयुक्त कलेक्टर व डिप्टी कलेक्टर ने कृषि उपज मंडियों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज़

**खरगोन।** संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी द्वारा 08 अक्टूबर को खरगोन कृषि उपज मंडी एवं गोगांवा मण्डी का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ खरगोन मंडी सचिव श्रीमती शर्मिला निनामा भी उपस्थित थीं। निरीक्षण के दौरान संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सोलंकी ने किसानों के लिए भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था हेतु कैंटीन सहित अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया गया। वहीं डिप्टी कलेक्टर श्री अनिल जैन ने भी कृषि उपज मंडी करही का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। खरगोन जिले में सोयाबीन फसल के लिए किसान पंजीयन के अनुसार कुल 5,155 किसानों ने पंजीयन कराया है। इनमें महेश्वर में 1317, भीकनगांव में 644, बड़वाह में 575, झिरन्या में 503, खरगोन में 509, कसरावद में 433, गोगाँव में 371, सेंगांव में 380, भगवानपुरा में 258, सनावद में 124 और खरगोन नगर में 41 किसानों का पंजीयन शामिल है। भावांतर योजना का लाभ लेने के लिए किसान बंधु अपना पंजीयन निकटस्थ सहकारी समितियों, ग्राहक सेवा केंद्र अथवा एमपी ऑनलाइन या कियोस्क केंद्र पर 03 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2025 तक निर्धारित अवधि में करा सकते हैं। सोयाबीन विक्रय मंडियों/उपमंडियों में 24 अक्टूबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक किया जा सकेगा। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे भावांतर योजना के अंतर्गत समयावधि में अपना पंजीयन कराएं, ताकि उन्हें उचित मूल्य का लाभ मिल सके।

